# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 26 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 119

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कश्मीर के त्राल में आतंकियों से मुठभेड़ में सैनिक घायल

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के त्राल में शनिवार को सुरक्षा कर्मियों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू कर दिया। दक्षिण कश्मीर के ेव क्षेत्र में बुधवार को एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक विदेशी आतंकवादी मारा गया था और माना जा रहा है कि एक दूसरा आतंकवादी मौके से फरार हो गया था।

### दिल्ली आने वालीं 21 ट्रेनें 1 से 6 घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वालीं 21 ट्रेनें आज 1 से लेकर 6 घंटे तक लेट से दिल्ली पहुंच रही है। सबसे ज्यादा विलंब से चलने वाली ट्रेनों में पुरी-न्यू दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस और रक्सौल-आनंद विहार सद्भावना एक्सप्रेस हैं जो 6 घंटे की देरी से दिल्ली आ रही हैं। इसके अलावा, गया-महाबोधि एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, रक्सौल-आनंद विहार सत्याग्रह एक्सप्रेस 1 घंटे, रीवा-आनंद विहार रीवा एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, इलाहाबाद-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस 1घंटे, आजमगढ़-दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस 1 घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 2 घंटे, नई दिल्ली-काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, सियालदह-अमृतसर जालिया बाग एक्सप्रेस 2 घंटे, भागलपुर-आनन्द विहार विक्रमशीला एक्सप्रेस 1 घंटे, अहमदाबाद- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे और अहमदाबाद-दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही हैं।

### राजधानी में 5 डिग्री से नीचे लुढ़का पारा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में शनिवार सुबह आसमान साफ रहने के साथ ही धूप खिली है, लेकिन तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे चले जाने के कारण ठंड का प्रभाव बना रहा। वहीं मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मंगलवार और बुधवार को हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार से हल्की हवा चलने के कारण वायु गुणवत्ता में भी सुधार आया और एक्यूआई अत्यंत खराब से खराब श्रेणी में आ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### कनाडा में भारतीय छात्रा पर चाकू से हमला, हमलावर ने धक्का देकर घसीटा

**टोरंटो।** टोरंटो में भारतीय छात्रा पर चाकू से हमला किया गया। रचेल तमिलनाडु की रहने वाली है। छात्रा सनीब्रुक स्वास्थ्य विज्ञान केंद्र की देखभाल इकाई में भर्ती है। यॉर्क विश्वविद्यालय में मास्टर की छात्रा राचेल अल्बर्ट अपने परिसर के पास चल रही थी, जब एक अज्ञात हमलावर ने उसके साथ मारपीट की, उसे धक्का दिया और घसीटा। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का पता लगाने के लिए जनता की मदद मांगी है। पुलिस हमलावर की रूपरेखा बताई है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कनाडा के टोरंटो में भारतीय छात्रा पर हुए घातक हमले पर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की और मंत्रालय के अधिकारियों को छात्र के परिवार को वीसा आदि उपलब्ध कराने में मदद करने की हिदायत दी।

### पेरू में गैस टैंकर फटने से 8 की मौत

**लीमा।** पेरू की राजधानी लीमा में गुरुवार को गैस टैंकर फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। पेरू के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह घोषणा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अल्मेनारा डे एल्सालुद परफॉर्मेंस नेटवर्क के प्रमुख जॉर्ज अमोरॉस ने बयान दिया कि आठवां मृतक 17 वर्षीय के.एल.एच. है।

# अब तक 13 करोड़ 29 लाख से ज्यादा की नकदी, संपत्ति, शराब-मादक पदार्थ जब्त

**» दिल्ली विधानसभा चुनाव**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव की घोषणा होने वाले दिन से यानि 6 जनवरी से अब तक की गई कार्यवाही के दौरान 13 करोड़ 29 लाख 54 हजार 406 रुपये की शराब, संपत्ति, नकदी, मादक पदार्थ और शराब जब्त की जा चुकी है। इस जब्ती में 5 करोड़ 64 लाख 67 हजार 920 सिर्फ नकदी है। जोकि आयकर विभाग और दिल्ली पुलिस की टीमों द्वारा पकड़ी गई।

दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि जब्ती में दूसरा नंबर मादक और नशीले पदार्थों का रहा है। पुलिस के व अन्य सबंधित विभाग की टीमों ने 135 किलोग्राम से ज्यादा मादक और नशीले पदार्थ जब्त किए। जिनकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ 30 लाख 13 हजार 500 रुपये है। जबकि आबकारी विभाग और बाकी अन्य संबंधित टीमों द्वारा जब्त की गई 44 हजार 120 लीटर अवैध शराब की औसत कीमत 1 करोड़ 14 लाख 82 हजार 986 रुपये आंकी गई है।




डॉ. सिंह के मुताबिक, इसी तरह कुल सीजर में से 5 करोड़ 64 लाख 67 हजार 920 रुपये की नकदी भी शामिल है। जोकि एक बड़ी तादाद कही जा सकती है। इसी तरह जब्त सोने-चांदी के आभूषण की कीमत 1 करोड़ 73 लाख 90,000 रुपये आंकी गई है। जबकि 46 लाख कीमत के लैपटॉप, कुकर्स, साड़ी इत्यादि भी चुनाव आयोग द्वारा गठित टीमों द्वारा जब्त किए गए। संभवतः माना यह जा रहा है कि कुकर और साड़ियां उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को लुभाने की उम्मीद में इकट्ठी की गई होंगी। ऐसा कुछ हो पाता उससे पहले ही चुनाव आयोग का चाबुक चल गया।

राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय से जारी अधिकृत बयान के मुताबिक, यह तमाम जब्ती 6 जनवरी 2020 से 23-24 जनवरी 2020 तक की अवधि के बीच की है। 6 जनवरी से ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह के मुताबिक, सन 2015 के दिल्ली विधान सभा चुनाव में 2 करोड़ 42 लाख, 79 हजार, 766 रुपये की शराब-नशीले पदार्थ और कीमती धातु जब्त की जा सकी थी। इस बार की जब्ती उससे कहीं ज्यादा है। यह सब तमाम विभागों के बीच आपसी सामंजस्य से ही संभव हो सका।



## बधाई एवं अवकाश सूचना

सभी पाठकों को 71 वें गणतंत्र दिवस की **हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा।

## टीवी अभिनेत्री सेजल शर्मा ने की आत्महत्या

**मुंबइ (आरएनएस)।** टीवी अभिनेत्री सेजल शर्मा ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। वह दिल तो हैप्पी है जी में सिम्मी खोसला के किरदार से लोकप्रिय हुई थीं। दिल तो हैप्पी है जी में सेजल के सह-कलाकार अरु के. वर्मा ने कहा, हां, यह सच है। यह खबर सुन कर मैं चौंक गया। मेरे लिए इस पर विश्वास कर पाना काफी मुश्किल है, क्योंकि मैं उनसे बस 10 दिन पहले ही मिला था और यहां तक की रविवार को हमारी व्हाट्सएप पर बात भी हुई थी। मैं उनसे जब 10 दिन पहले मिला तब वह बिल्कुल ठीक थीं।



वर्मा ने शो में सेजल के भाई का किरदार निभाया था। उन्होंने पोर्टल से आगे कहा, उनका परिवार शव को अंतिम संस्कार के लिए उदयपुर ले गया है।

कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि आत्महत्या के पीछे का कारण अभिनेत्री के निजी जीवन में कुछ परेशानी हो सकती है।

उदयपुर की रहने वालीं सेजल साल 2017 में मुंबई आई थीं। स्टार प्लस के शो दिल तो हैप्पी है जी में अपनी शुरुआत से पहले, वह कुछ विज्ञापनों में दिखाई दीं। उन्होंने आजाद परिंदे नामक एक वेब श्रृंखला में भी काम किया था।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोगों को बधाई दी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बधाई। हमारी चुनाव प्रक्रिया को अधिक जीवंत एवं सहभागी बनाने की दिशा में भारतीय चुनाव आयोग के प्रयासों के लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। यह दिन हमें मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदान की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है, जो हमारे लोकतंत्र को कहीं अधिक मजबूत बनाता है।



## पूरे जम्मू-कश्मीर में आज से 2जी मोबाइल इंटरनेट बहाल, सोशल साइट्स पर पाबंदी जारी

**» गणतंत्र दिवस का तोहफा**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** पांच महीने से ज्यादा समय तक तक बंद रहने के बाद शनिवार से कश्मीर घाटी में पोस्टपेड के साथ ही प्रीपेड फोन पर 2जी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। एक आधिकारिक आदेश में ऐसा कहा गया है। हालांकि, जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा मंजूर 301 वेबसाइटों तक ही लोगों की पहुंच हो सकेगी।

जम्मू कश्मीर प्रशासन के गृह विभाग की एक अधिसूचना के मुताबिक मोबाइल फोन पर 2जी स्पीड के साथ इंटरनेट सुविधा 25 जनवरी से चालू हो जाएगी। सोशल मीडिया साइटों तक घाटी के लोगों की पहुंच नहीं होगी और तय वेबसाइटों तक ही उनकी पहुंच हो सकेगी। पोस्टपेड और प्रीपेड सिम कार्ड पर डेटा सुविधा उपलब्ध होगी।



जिन साइटों को मंजूरी दी गयी है, उनमें सर्च इंजन और बैंकिंग, शिक्षा, समाचार, यात्रा, सुविधाएं और रोजगार से संबंधित हैं। इससे पहले घाटी में प्रीपेड मोबाइल सेवा बहाल करने और जम्मू खंड में 2 जी मोबाइल डेटा सेवा शुरू करने का फैसला किया गया था। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के फैसले के साथ पांच अगस्त को घाटी में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं रोक दी गयी थीं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट के निलंबन की समीक्षा तुरंत करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह का इंटरनेट सस्पेंशन सीमित समय अवधि के लिए किया जा सकता है।

## पैसों के लिए मां की गोद से नवजात को छीनकर नाचने लगे किन्नर, हुई मौत

**झारग्राम (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल स्थित झारग्राम में एक नवजात की उस वक्त मौत हो गई, जब उसे किन्नरों के एक समूह ने मां की गोद से खींच लिया. पुलिस ने कहा कि वे नवजात की मां से पैसे मांग रहे थे. स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बिन्नर थानान्तर्गत उत्तर शिल्डा निवासी चंदन खिलाड़ी के जुड़वा बच्चे पैदा हुए. इसमें एक बच्चे को हृदय संबंधी दिक्कत होने के कारण वह अस्पताल में भर्ती था. जन्म के 20 दिन बाद जब अस्पताल से रिलीज होने के बाद घर पहुंचा, तो खबर पाकर तीन किन्नर भी उनके घर पहुंच गए. उन्होंने 11,000 रुपये मांगे और इनकार करने पर परिजनों को गालियां देने लगें। पुलिस ने कहा कि किन्नरों ने मां की गोद से बच्चे को छीन लिया और उसे लेकर डांस करने लगे. इसके बाद परिवार 2,000 रुपये देने पर राजी हुआ. इस दौरान बीमार बच्चे को फिर दिक्कत हुई तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। यह खबर फैलते ही पड़ोसियों ने किन्नरों को घेर लिया, ताकि वे भाग ना पाएं. इसके बाद पुलिस ने तीनों को लोगों के चंगुल से छुड़ाया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीनों हिरासत में हैं।

## चीन में करॉना वायरस के कहर से 41 लोगों की मौत, 1287 मामलों की पुष्टि

**पेइचिंग।** चीन में करॉना वायरस के कहर से 41 लोगों की मौत हो चुकी है और 1287 लोगों के वायरस की चपेट में आने की पुष्टि हुई है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शनिवार को घोषणा की कि 1,287 पुष्ट मामलों में से शुक्रवार रात तक 237 लोगों की हालत गंभीर बताई गई थी। स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि न्यूमोनिया जैसे इस वायरस के चलते 41 मौतें हो चुकी हैं। इनमें चीन के मध्य हुबेई प्रांत में ही अकेले 39 मौतें हुई हैं और एक मौत उत्तर पूर्वी प्रांत हीलोंगजियांग में हुई है।

आयोग ने बताया कि कुल 1,965 संदिग्ध मामलों की रिपोर्ट है। यह वायरस गुरुवार तक हॉन्ग कॉन्ग, मकाऊ, ताइवान, नेपाल, जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड, वियतनाम और अमेरिका तक फैल गया। जापान ने शुक्रवार को वायरस के दूसरे मामले की पुष्टि की। इससे भारत के लिए चिंता पैदा हो गई है



क्योंकि 700 भारतीय छात्र वुहान और हुबेई प्रांत के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं और अब भी वहां फंसे हुए हैं। भारतीय दूतावास ने उनसे करीबी संपर्क बनाने के लिए हॉटलाइन्स स्थापित की हैं। तेजी से फैल रहे करॉना वायरस से निपटने के लिए चीन ने वुहान में 1,000 बिस्तर वाला अस्पताल बनाना शुरू कर दिया है जिसके 10 दिन से कम समय में तैयार होने की उम्मीद है। उसने वुहान और हुबेई प्रांत के 12 अन्य शहरों में इलाज के लिए सैन्य चिकित्सकों को तैनात करना भी शुरू कर दिया है। वुहान और हुबेई में सभी सार्वजनिक यातायात पूरी तरह से बंद हैं। इस वायरस के चलते आज से शुरू हुए चीन के नववर्ष का जश्न भी फीका हो गया है। वायरस के खौफ के चलते पेइचिंग समेत कई शहरों में विशेष कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है।

## भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत ढही, 1 की मौत

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक निमार्णाधीन इमारत की छत गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। टर्मिनल 1 के साथ टर्मिनल 2 को जोड़ने वाली निमार्णाधीन इमारत शुक्रवार रात ढह गई।



पुलिस के अनुसार, ढही छत के नीचे फंसने से व्यक्ति की मौत हो गई। पीड़ित की पहचान हवाईअड्डे पर निर्माण कार्य में लगे एक ट्रक के हेल्पर अन्तयार्मी गुरु के रूप में की गई है। घायल व्यक्ति को यहां के कैपिटल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मी, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ओडीआरएएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बचाव अभियान चलाने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए।बचाव अभियान के कर्मियों के सहयोग से एक शव को बरामद किया है, जो कंक्रीट के नीचे फंसा हुआ था। निर्माण फर्म के अधिकारी ने दावा किया कि सभी सुरक्षा उपाय किए गए थे।

## दोषी विनय ने बनाई पेंटिंग, डायरी लिखी और शीर्षक रखा दरिंदा

**» निर्भया कांड**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को निर्भया गैंगरेप पर सुनवाई जारी है। दरअसल, निर्भया गैंगरेप मामले में दोषी पवन, अक्षय और विनय ने एक और याचिका दायर की है। तीनों दोषियों के वकील एपी सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन पर कई आरोप लगाते हुए पटियाला हाउस कोर्ट में ये याचिका दायर की है। वकील एपी सिंह ने याचिका में कहा कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने अभी तक उन्हें दोषी पवन, अक्षय और विनय के दस्तावेज मुहैया नहीं कराये हैं। इसलिए क्यूरेटिव पिटीशन और राष्ट्रपति के पास दया याचिका भेजने में देरी हो रही है।

बता दें कि जेल में रहते हुए निर्भया के दोषी विनय ने एक डायरी लिखी है। सरकारी वकील का कहना है कि डायरी का नाम है दरिंदा डायरी। दोषी विनय पेंटिंग भी बनाता है। आज सुनवाई के दौरान जेल अधिकारियों की ओर से डायरी और पेंटिंग कोर्ट में पेश की गई। सरकारी वकील ने कहा कि दोषी के वकील को पेंटिंग और डायरी सौंपने के लिए तैयार हैं और उनके पास इसके अलावा और कोई दस्तावेज नहीं है।




दोषियों की तरफ से पेश वकील ने कहा कुछ दस्तावेज कल रात 10.30 बजे दिए गए है, लेकिन दोषी विनय की केस डायरी अभी तक नहीं दी गई है। वकील ने कहा कि केस डायरी 160 पेज की है वो नहीं मिली है। इसके साथ ही उसकी मेडिकल रिपोर्ट भी नहीं दी गयी है और विनय दिल्ली लोक नायक अस्पताल में 10 दिन था वो भी दस्तावेज नहीं मिला है।

बताते चलें कि दोषियों के वकील ने कोर्ट में बताया, विनय से मैं जल्द ही मिला था लेकिन उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। जेल प्रशासन उसका ध्यान रख रहा है लेकिन बावजूद इसके उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। वकील ने कहा कि जेल नंबर 14 मंडोली में पवन का सिर फोड़ दिया गया था। सितंबर 2013 में यह घटना हुई थी उसकी भी रिपोर्ट नहीं दी गयी। उस समय पवन को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वकील ने आरोप लगाया कि विनय को जेल के अंदर स्लो प्वाइजन दिया गया है। उसके हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। विनय की हालत ठीक नहीं है। कहा ये भी जा रहा है कि वे 7 दिन से हड़ताल पर हैं।मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद चीजें साफ हो जाएंगी।

वकील ने बताया कि जेल में रहते हुए विनय ने कुछ पेंटिंग भी बनाई है। तिहाड़ हाट में उसकी पेंटिंग्स की बिक्री भी हुई। मैंने उनके बारे में जानकारी चाहता हूं कि आखिर उसकी पेंटिंग्स से क्या कमाई हुई। विनय ने 11 पेंटिंग बनाई और 19 पन्नों की दरिंदा डायरी भी लिखी।

## पुलवामा में दो से तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा, मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर (आरएनएस)। दक्षिण कश्मीर के त्राल क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। त्राल में दो से तीन आतंकियों के फंसे होने की आशंका है।**

फिलहाल दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्र में आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिलने पर सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू कर दिया।

इससे पहले आतंकियों ने शुक्रवार की रात श्रीनगर के डाउनटाउन इलाके में पुलिस पोस्ट को निशाना बनाकर ग्रेनेड हमला किया। इसमें दो जवानों समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में सर्च आपरेशन चलाया गया।



दक्षिण कश्मीर में बुधवार को एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक विदेशी आतंकवादी मारा गया था और माना जा रहा है कि एक दूसरा आतंकवादी मौके से फरार हो गया था।

मारे गए आतंकवादी की पहचान अबु सैफुल्ला उर्फ अबु कासिम के रूप में हुई थी जो लगभग एक साल से सक्रिय था और जेईएम के एक विदेशी आतंकवादी कारी यासिर का सहयोगी थी। 21 जनवरी को मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। इनमें एक विशेष पुलिस अधिकारी और एक सेना का जवान था।